आउटसोर्स कर्मचारियों की नहीं होगी छुट्टी मौजूदा व्यवस्था रहेगी जारी: डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से हटाए जाने की चर्चाओं पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विराम लगाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को बाहर नहीं किया जाएगा और नियुक्तियों की वर्तमान व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान होगी, तभी प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित संवाद भवन में विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण आयोग के अध्यक्ष रमेश शर्मा के नेतृत्व में करीब 40 कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। संगठनों ने शासकीय सेवकों के लिए दो संतान की सीमा समाप्त करने, पदोन्नति और वेतन-भत्तों में वृद्धि जैसे फैसलों के लिए आभार जताया।



कर्मचारियों के सम्मान और आर्थिक सुरक्षा पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं और नीतियों का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए उनके सम्मान और परिवार की आर्थिक सुरक्षा का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार ने शासकीय सेवाओं में नियुक्ति और कार्यरत कर्मचारियों के लिए दो संतान की सीमा संबंधी नीति समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा सहायक ग्रेड-3 के समकक्ष पदों पर पदोन्नति के लिए कुछ शर्तों के साथ सीपीसीटी की अनिवार्यता से छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में एक लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। इससे विभागों में युवा और ऊर्जावान कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है।

अनुकंपा नियुक्तियों का तेजी से हो रहा निराकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों के लगभग 26 प्रकार के भत्तों का पुनरीक्षण किया गया है। दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने के मामलों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग में ही एक हजार से अधिक अनुकंपा नियुक्तियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति लेने की पुरानी व्यवस्था भी समाप्त की गई है। कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों के निराकरण के लिए राज्य कर्मचारी कल्याण आयोग का गठन किया गया है। अभिनंदन समारोह में मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष संतोष कुमार गांधी, म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, म.प्र. शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष नवीन चतुर्वेदी, म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, म.प्र. अनुसूचित जाति जनजातीय अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश मौर्य, संविदा कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेश राठौर, म.प्र. सचिवालय मंत्रालय शीघ्रलेखक संघ अध्यक्ष सुभाष वर्मा, नगर निगम और नगर पालिका कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी, म.प्र. ग्रामीण कृषि अधिकारी संघ के संरक्षक मनोहर गिरि, वाहन चालक संघ प्रदेशाध्यक्ष मनोज कुमार सहित भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।



तीन दिन में तीन डिग्री तक लुढ़क सकता है रात का पारा

भोपाल में शीतलहर, शाजापुर में पारा 8.7 डिग्री पर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः किसी प्रभावी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने से मौसम शुष्क हो गया है। साथ ही हवाओं का रुख उत्तरी होने से एक बार फिर तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात में प्रदेश में सबसे कम 8.7 डिग्री सेल्सियस तापमान शाजापुर में रिकार्ड हुआ।

भोपाल न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। भोपाल में शीतलहर का प्रभाव रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले तीन दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और भी गिरावट होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

गुजरात और उससे लगे दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात सक्रिय है। इसके अतिरिक्त कोंकण और उससे लगे गोवा भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि जम्मू कश्मीर पर मौजूद पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़कर असम पहुंच गया है। वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। इस वजह से मौसम साफ हो गया है। इस वजह से एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान काफी कम है। वहां से लगातार आ रही शीतल हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में एक बार फिर रात का पारा लुढ़कने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में सक्रिय होने पर तीन दिन बाद रात का तापमान कुछ बढ़ सकता है।

कटनी में फोर्टिफाइड चावल से भरे ट्रकों के गायब होने की जांच के आदेश, 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश के कटनी जिले से फोर्टिफाइड चावल के गायब होने का मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग ने जांच के निर्देश दिए हैं।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए भोपाल से वरिष्ठ अधिकारियों का जांच दल गठित करने को कहा है। साथ ही अपर मुख्य सचिव खाद्य केसी गुप्ता को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री राजपूत ने कहा कि मामले की निष्पक्षता और गंभीरता से जांच की जाए, ताकि चावल के गायब होने के पीछे की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। जांच में यदि किसी अधिकारी, कर्मचारी या परिवहनकर्ता की लापरवाही अथवा संलिप्तता सामने आती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि फोर्टिफाइड चावल से भरे ट्रक परिवहन प्रक्रिया के किस चरण में गायब हुए और इस मामले में किन लोगों की भूमिका रही। इसके साथ ही खाद्यान्न परिवहन व्यवस्था और निगरानी तंत्र में हुई संभावित चूक की भी पड़ताल की जाएगी।

खाद्य मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्यान्न प्रबंधन में पारदर्शिता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

गंजबासौदा को तीन बड़ी सड़कों की सौगात



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं और सड़कों का विस्तार होने से नागरिकों का जीवन आसान हो रहा है। सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री निवास पर मंगलवार को गंजबासौदा क्षेत्र के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। यह सम्मान विदिशा जिले में तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिलने पर किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल-विदिशा मार्ग का निर्माण 1,757 करोड़ रुपये, मेलहुआ-बीना-खिमलासा-मालथोन मार्ग का निर्माण 3,272 करोड़ रुपये और अहमदपुर-विदिशा मार्ग का निर्माण 112 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सड़कों से भोपाल और विदिशा के बीच आवागमन बेहतर होगा। साथ ही सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और नर्मदापुरम जिलों को भी फायदा मिलेगा। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने और विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्रत्येक क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों के लिए आज प्रशिक्षण

संभागायुक्त, जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त होंगे शामिल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर 25 नवंबर को भोपाल में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन सुबह 10:30 बजे आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। जनगणना के दूसरे चरण के अंतर्गत 10 जनवरी 2027 से स्व-जनगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद 25 जनवरी से प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। निर्धारित समय-सीमा में प्रक्रिया पूरी करने और मैदानी स्तर पर कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

सम्मेलन में प्रदेश के संभागायुक्त, जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और प्रत्येक जिले से जनगणना कार्य से जुड़े अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला योजना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। दूरस्थ जिलों के अधिकारी आभासी माध्यम से सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के दूसरे चरण की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक तैयारियों और मैदानी स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य जनगणना कार्य को व्यवस्थित और निर्धारित समय में पूरा करना है।



• उम्मीद की किरण...

किसी को उम्मीद, किसी को भगवान की कृपा का भरोसा। मध्यप्रदेश के प्रशासनिक मुखिया के पद पर कौन विराजेगा, इस पर कयास लगाए जा रहे हैं। परंपरा के अनुसार पूर्वानुमान लगाया जा रहा है कि एक्सटेंशन मिलेगा या किसी नए को मौका मिलेगा।





• लंबी खिंचती दीवाली...

एक विभाग में इन दिनों आने वाले हर संबंधित ठेकेदार अपने काम से पहले ऑफिस में मौजूद सभी छोटे-बड़े अधिकारी-कर्मचारियों को जमकर गिफ्ट बांट रहे हैं। गिफ्ट मिलने की उम्मीद के चक्कर में विभाग में कुछ ज्यादा ही लंबी दीवाली खिंचती नजर आ रही है।

• उम्मीदों पर पानी पैरा...

एक विभाग में लंबे समय से बार-बार मुखिया बदलने से विभाग का काम प्रभावित हो रहा है। पिछले कुछ महीने पहले ही मुखिया बदला था। कर्मचारियों, अधिकारियों और ठेकेदारों की अंडरस्टैंडिंग जम ही रही थी कि फिर तीसरे को प्रभारी बनाकर बैठा दिया गया। देखना यह है कि अब ये साहब कितने दिन टिक पाते हैं।





• नया-नया जोश...

एक जिले में कलेक्टर साहब की सक्रियता देख जिले के नागरिक और ऊपर बैठे सहयोगी सभी चर्चा कर रहे हैं कि साहब कुछ ज्यादा ही जल्दी में लग रहे हैं। पिछले दिनों सरकार के निर्देशों का पालन कराने के लिए साहब ने जिले के सभी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर लिया था। अब साहब स्कूलों और अस्पतालों की ओर हैं।

• भव्य आयोजन, भुगतान पर असमंजस...



भव्य आयोजन, भुगतान पर असमंजस... मध्यप्रदेश के एक सीमावर्ती क्षेत्र में एक बड़ी परियोजना का भव्य शुभारंभ हुआ। दो जिलों में बंटी सीमा के कारण दोनों जिलों का प्रशासन व्यवस्था संभालने में लगा था। आयोजन संपन्न होने के बाद जब टेंट, कैटरिंग और वाहन सहित अन्य खर्चों के भुगतान के बिल ठेकेदारों और विभागों ने भेजे, तो एक जिले से दूसरे जिले में फाइल घूमने लगी। भारी-भरकम राशि का भुगतान किस मद में किया जाए और किस पर टोपी रखी जाए, इस पर इंतजार किया जा रहा है।



• जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें...

पिछले दिनों हुए एक बड़े घटनाक्रम के बाद हटाए गए साहब को उम्मीद है कि जांच रिपोर्ट में उन्हें पूरी तरह क्लीन चिट मिल जाएगी। यही कारण है कि वे अपनी पदस्थापना वाले विभाग में ध्यान न देकर जांच कमेटी की गतिविधियों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 9 दिसंबर से, 7500 पदों के लिए 7.5 लाख आवेदन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। कर्मचारी चयन मंडल ने आरक्षक सामान्य ड्यूटी सीधी भर्ती परीक्षा-2026 की नई तारीख घोषित कर दी है। परीक्षा अब 9 दिसंबर से शुरू होगी।

इसके प्रवेश पत्र जल्द ही मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। पहले यह परीक्षा 19 नवंबर से प्रस्तावित थी, लेकिन पुलिस विभाग की दूसरी परीक्षा और अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था। इस भर्ती के माध्यम से कुल 7500 आरक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इनमें 6800 पद सामान्य ड्यूटी और 700 पद विशेष सशस्त्र बल के लिए निर्धारित हैं।

भर्ती के लिए प्रदेशभर से करीब 7.5 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार प्रत्येक पद के लिए औसतन 100 अभ्यर्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। भर्ती में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बावजूद बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित युवाओं ने भी आवेदन किया है। इनमें स्नातकोत्तर, स्नातक, अभियंता और शोध उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अलावा डिप्लोमा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उच्चतर माध्यमिक, हाईस्कूल और आठवीं उत्तीर्ण युवाओं ने भी आवेदन किया है। भर्ती नियमों के अनुसार चयनित आरक्षकों को उनके गृह जिले में नियुक्ति नहीं दी जाएगी। आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को प्रदेश के 55 जिलों में से पसंद की इकाई चुनने का विकल्प दिया गया था। नियुक्ति के बाद संबंधित इकाई में कम से कम पांच वर्ष सेवा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही स्थानांतरण संभव होगा। चयनित अभ्यर्थियों को भोपाल, इंदौर और जबलपुर की शासकीय रेल पुलिस में भी नियुक्त किया जाएगा।

गोविंदपुरा में विकास कार्यों का भूमि पूजन, बनेंगी सड़कें और नालियां



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए मंगलवार को वार्ड क्रमांक 60 में 1.83 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र विकास और तरक्की की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। जनसुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। स्वीकृत कार्यों में प्रताप नगर स्थित पिरामिड टाउन में 47 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क बनाई जाएगी। इसके निर्माण से न्यू फोर्ट कॉलोनी और आसपास के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं, जवाहर नगर से समन्वय नगर चौराहे तक और सुरभि मोहिनी होम्स से ई-13 एक्सटेंशन तक 48 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क का निर्माण होगा। इसके अलावा कंचन नगर चौराहे से नक्षत्र कैंपस तक 88 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाली बनाई जाएगी। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर करने और जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

गुरू परब *गुरु नानक देव के संघर्ष, त्याग और ...*

बलिदान को सदैव स्मरण करना चाहिए : खंडेलवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर भोपाल के हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारे में पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने गुरु वाणी और कीर्तन का श्रवण किया तथा गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर खंडेलवाल ने कहा कि गुरु नानक देव ने देश और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण किया जाना चाहिए। उनके विचार समाज को सद्भाव और मानवता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी डॉ. निशांत खरे भी उपस्थित रहे।



कांग्रेस को संगठन और नेतृत्व संभालने की जरूरत

गुरुद्वारे में कार्यक्रम के बाद खंडेलवाल ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हजारों कार्यकर्ताओं का कांग्रेस छोड़कर जाना पार्टी के लिए आत्ममंथन का विषय है। कांग्रेस को अपनी नीतियों, नेतृत्व और कार्यप्रणाली पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जनता का विश्वास लगातार पार्टी से कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सबसे पहले अपने संगठन और नेताओं को संभालने की जरूरत है। कौन कांग्रेस में शामिल होगा और कौन पार्टी छोड़ेगा, यह भविष्य बताएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ही बता सकते हैं कि वे कितने लोगों को पार्टी में शामिल करा पाएंगे और कितने कार्यकर्ताओं को संगठन में बनाए रख सकेंगे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी।
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com